हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2021–22
कक्षा–बारहवीं
विषय–हिन्दी

समय–3 घंटा पूर्णांक–80 अंक

---

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(2) प्रश्न क्र–1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 32 अंक निर्धारित हैं।
(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक 2 अंक के प्रश्न हैं। शब्द सीमा लगभग 30 है।
(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक 3 अंक के प्रश्न हैं। शब्द सीमा लगभग 75 है।
(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक 4 अंक के प्रश्न हैं। शब्द सीमा लगभग 120 है।

---

प्रश्न क्र.–1 सही विकल्प चुनकर लिखिए :– अंक–06

(i) भक्तिन सेवक धर्म में स्पर्द्धा करती थी :–
(अ) राम (ब) कृष्ण
(स) हनुमान (द) लक्ष्मी

(ii) चौके के गीले होने का भावार्थ है :–
(अ) नए जीवन का उदय (ब) वातावरण में नमीं
(स) भोजन के लिये तैयार होना (द) वातावरण में शुष्कता

(iii) सिल्वर बैंडिंग से अभिप्राय है :–
(अ) स्वर्ण जयंती (ब) हीरक जयंती
(स) रजत जंयती (द) कास्य जयंती

(iv) विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रही भारत की संस्थाएँ हैं :–
(अ) चार (ब) तीन
(स) पॉच (द) सात

(v) ''विभावानुभावव्याभिचारी संयोगात् रस निष्पत्ति।'' यह परिभाषा है :–
(अ) आचार्य विश्वनाथ (ब) आचार्य भरतमुनि
(स) आचार्य भामह (द) आचार्य मम्मट

(vi) ''टेढ़ी खीर'' मुहावरे का अर्थ है :–
(अ) खीर खाना (ब) मीठी खीर
(स) सरल कार्य (द) कठिन कार्य

प्रश्न क्र.–2 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों को लिखकर कीजिए :– अंक–07

(i) शिरीष का पेड़ अपना रस ————से खीचता है।
(वायुमंडल/ओजोन मंडल)

(ii) ''बगुलों के पंख'' के रचनाकार ———— है।
(रघुवीर सहाय/उमाशंकर जोशी)

(iii) कूटीकरण को ————————भी कहते हैं।
(एनकोडिंग / ऑउट कोडिंग)

(iv) आनन्दा की पाठशाला ————————से लगती थी।
(दस बजे / ग्यारह बजे)

(v) 'अच्छे विद्यार्थी परिश्रमी होते हैं' यह————————वाक्य है।
(संयुक्त / साधारण)

(vi) गद्य–पद्य मिश्रित काव्य ————————कहलाता है।
(चम्पू काव्य / मुक्तक काव्य)

(vii) आधुनिक काल के जनक ——————————माने जाते हैं।
( भारतेन्दु हरिशचन्द्र / महावीर प्रसार द्विवेदी)

**प्रश्न क्र.–3 सही जोड़ियों का मिलान कर लिखिए :– अंक–06**

| 'अ' | | 'ब' | |
|---|---|---|---|
| (i) | 'पहलवान की ढोलक' | (क) | छः ककार |
| (ii) | हरिवंश राय बच्चन | (ख) | देव नागरी |
| (iii) | 'अतीत के पॉव' | (ग) | माधुर्य, ओज व प्रसाद |
| (iv) | हिन्दी भाषा की लिपि | (घ) | फणीश्वर नाथ रेणु |
| (v) | शब्द गुण | (ड़) | स्तम्भ लेखन |
| (vi) | समाचार लेखन के | (च) | 'आत्म परिचय' |
| | | (छ) | यात्रा वृतान्त |
| | | (ज) | अमिधा, व्यंजना व लक्षणा |

**प्रश्न क्र.–4 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :– अंक–07**

(i) राजभाषा से आप क्या समझते हैं ?
(ii) कविता का पहला उपकरण क्या है ?
(iii) यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा किस स्कूल से पास की थी ?
(iv) ''मैं पढ़–लिखकर वकी बनूँगा'' अछूतों के लिए कानून बनाऊँगा और छुआछूत को खत्म करुँगा''–कथन किसका है ?
(v) कविता पंख लगाकर कहॉ–कहॉ उड़ सकती हैं ?
(vi) राजा ने लुट्टन से क्या कहा ?
(vii) महाकाव्य में किन–किन रसों की प्रधानता रहती है?

**प्रश्न क्र.–5 सत्य / असत्य वाक्यों का चयन कर लिखिए :– अंक–06**

(i) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया विशेषण होते हैं।
(ii) शब्द शक्ति चार प्रकार की होती है।
(iii) सिन्धु–घाटी सभ्यता में पत्थर और तॉबे का प्रयोग होता था।
(iv) लेखन का आशय यान्त्रिक हस्तकौशल होता है।

(v) पाठ 'रुबाइयॉ व 'गजल' में कवि ने स्वयं को देश पर न्यौछावर कर दिया।

(vi) 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के लेखक बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर हैं।

प्रश्न क्र.–6 भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी ? अंक–2

अथवा

पर्चेजिंग पाव से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न क्र.–7 बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झॉक रहे होंगे ? अंक–2

अथवा

रचना के संदर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या हैं ?

प्रश्न क्र.–8 सवैया छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ? अंक–2

अथवा

भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?

प्रश्न क्र.–9 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ सहित वाक्य में प्रयोग कर लिखिए ? अंक–2

(i) अपना उल्लू सीधा करना

(ii) खाक छानना

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए :–

(i) शोक है कि तुम घायल हो गए।

(ii) घर में चाय केवल नाम मात्र को बची है।

प्रश्न क्र.–10 कहानी व उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए ? अंक–2

अथवा

नाटक एवं एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए ?

प्रश्न क्र.–11 संचारी भाव किसे कहते हैं? किन्हीं चार संचारी भावों के नाम लिखिए? अंक–2

अथवा

व्यंजना शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?

प्रश्न क्र.–12 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए कि लेखक की मॉ नें पाठशाला जानें में क्या सहायता की ? अंक–2

अथवा

मुअनजो–दड़ों के घरों की कोई दो विशेषताऍ लिखिए ?

प्रश्न क्र.–13 फीचर–लेखन से क्या आशय है ? अंक–2

अथवा

बिंब क्या है ? कविता में बिंब का क्या कार्य है ?

प्रश्न क्र.–14 भाव पल्लवन कर लिखिए ? अंक–2

"मुल्क बदल जाए वतन तो वतन होता है'

अथवा

उपसर्ग एवं प्रत्यय में अंतर लिखिते हुए दोनों के एक–एक उदाहरण दीजिए ?

प्रश्न क्र.–15 छायावाद की दो प्रवृत्तियॉ लिखते हुए दो छायावादी कवि के नाम लिखिए ? अंक–2

अथवा

प्रगतिवाद की दो प्रवृत्तियॉ लिखते हुए दो प्रगतिवादी कवि के नाम लिखिए ?

प्रश्न क्र.–16 फणीश्वरनाथ रेणु अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी की निम्न बिन्दुओं के आधार पर साहित्यगत विशेषताऍ लिखिए ? अंक–3

(i) रचनाऍ – कोई दो

(ii) भाषा – शैली

प्रश्न क्र.–17 कुॅवर नारायण अथवा रघुवीर सहाय की काव्यगत विशेषताऍ लिखिए ? अंक–3

(i) रचनाऍ – कोई दो

(ii) भाव पक्ष – कला पक्ष

प्रश्न क्र.–18 'आधुनिक भारत' इस शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए ? अंक–3

अथवा

'जनसंख्या समस्या' इस शीर्षक पर डॉक्टर तथा नागरिक का संवाद लिखिए।

प्रश्न क्र.–19 निम्न लिखित अपठित गद्यांश/अपठित काव्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए। अंक–3

"जो अनगढ़ है जिसमें कोई आकृति नहीं, ऐसे पत्थरों को आकृति प्रदान करना, उसमें कलात्मक संवेदना जगाना और प्राण–प्रतिष्ठा करना ही संस्कृति है। वस्तुतः संस्कृति उन गुणों का समुदाय है, जहॉ अनेक प्रकार की शिक्षा अपने प्रयत्न से मनुष्य प्राप्त करता है। संस्कृति का संबंध मुख्यतः मनुष्य की बुद्धि एवं स्वाभाव आदि मनोवृत्ति से है। संक्षेप में सांस्कृतिक विशेषताऍ मनुष्य की मनोवृत्तियों से संबंधित है और इन विशेषताओं का अनिवार्य संबंध जीवन के मूल्यों से होता है। ये विशेषताऍ या तो स्वयं में मूल्यवान होती हैं अथवा मूल्यों के उत्पादन का साधन। प्रायः व्यक्तित्व में विशेषताऍ साध्य एवं साधन दोनों ही रुपो में अर्थपूर्ण समझी जाती है। वस्तुत संस्कृति सामूहिक उल्लास की कलात्मक अभिव्यक्ति है। संस्कृति व्यक्ति की नहीं, समष्टि की अभिव्यक्ति है।

प्रश्न :–

(i) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) निष्प्राण पत्थर को कैसे जीवंत बनाया जा सकता है ?

(iii) व्यक्तित्व में विशेषताएॅ कब अर्थपूर्ण समझी जाती हैं ?

**अथवा**

दे रहे आह्वान तुझको मस्त होकर मेघ काले
उठ रही झंझा प्रबलतम जोर इनका आजमा ले।
शपथ तुझको जो हटाया एक पग भी आज पीछे
प्राण में भर अटल साहस खेल लें, इनको खिलालें।।
नाश की पटभूमिका पर, सृष्टि का कर चित्र अंकित।
विजय है तेरी सुनिश्चित।

प्रश्न :–

(i) उर्पयुक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) कवि सृष्टि का चित्र कहॉ अंकित करना चाहता है ?

(iii) कवि किसको आजमानें की बात कहता है ?

**प्रश्न क्र.–20 निम्न पंद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए। अंक–4**

जथा पंख बिनु खग अतिदीना।
मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस मम जिवन बंधु बिनु तो ही।
जौ जड़ दैव जिआवै मोही।।

**अथवा**

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूॅ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूॅ,
हो जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,
मैं वह खण्डहर का भाग लिए फिरता हूॅ।।

**प्रश्न क्र.–21 निम्न गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए। अंक–4**

मैं प्रायः सोचती हूॅ कि जब ऐसा बुलावा आ पहुॅचेगा, जिसमें न धोती साफ करने का अवकाश रहेगा, न सामान बॉधने का, न भक्तिन को रुकने का अधिकार होगा, न मुझे रोकने का, तब चिर–बिदा के अंतिम क्षणों में यह देहातिन वृद्धा क्या करेगी और मैं क्या करुॅगी ?

**अथवा**

इससे यह तो हो सकता है कि वह चूरन वाला भगत हम लोगों के सामने एकदम नाचीज आदमी हो। लेकिन आप पाठकों की विद्वान श्रेणी का सदस्य होकर भी मैं यह स्वीकार नहीं करना चाहता हूॅ कि उस अपदार्थ–प्राणी को वह प्राप्त है जो हममें से बहुत कम को शायद प्राप्त हैं।

प्रश्न क्र.–22 उत्तर–पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन हेतु, सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल को आवेदन पत्र लिखिए :– **अंक–4**

**अथवा**

अपने मित्र को हायर–सेकेण्डरी (कक्षा 12वीं) की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए –

**प्रश्न क्र.–23 किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में निबंध लिखिए –** अंक–4

(अ) कोरोना – लक्षण एवं उपचार
(ब) स्वच्छ भारत अभियान
(स) जीवन में कम्प्यूटर की आवश्यकता
(द) उत्तम विद्यार्थी–उन्नत राष्ट्र
(इ) बालिका शिक्षा का महत्व

————00————